# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर ।

पत्रांकः- 1107 (अनु०) दिनांक 31.12.2024

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर ।

सेवा में,

सहायक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अवर प्रमंडल, जगदीशपुर ।

विषय:- माननीय मुख्यमंत्री, बिहार का भोजपुर जिला अंतर्गत प्रस्तावित प्रगती यात्रा के निमित्त ग्रामीण सड़क का निर्माण / मरम्मती कराने के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :- जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा का पत्रांक – 2756 अनु0 दिनांक – 20.12 .2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के सम्बन्ध में कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार का भोजपुर जिला अंतर्गत प्रस्तावित प्रगती यात्रा के निमित्त जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र में जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा का प्रासंगिक पत्र के क्रम संख्या 7 पर अंकित पथ एन0 एच0 दुल्हिनगंज बाज़ार से नट टोली होते हुए शिवसागर रामगुलाम 10+2 विद्यालय तक ( पथ का वास्तविक नाम - Harigaon Dulhinganj Road To Harigaon Shiv Mandir Via Shivsagar Ramgulam Vidyalay ( लम्बाई – 0.844 कि0मी0 ) का नियमानुसार अविलम्ब निर्माण / मरम्मती कराने हेतु निदेशित किया गया है ।

अतः जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा का पत्रांक – 2756 अनु0 दिनांक – 20.12 .2024 द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में उक्त पथ का निर्माण कार्य विभागीय रूप से कराने का आदेश निर्गत किया जाता है । निदेशित किया जाता है कि उक्त पथ का निर्माण / मरम्मती कार्य अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

अनु0 – यथोक्त ।

विश्वासभाजन

Amreshkumar 31/12/24

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर ।

Scanned with OKEN Scanner

# भोजपुर समाहरणालय, आरा
## (जिला गोपनीय शाखा)

दूरभाष :— 06182 221312(का०)
06182 233311(आ०)
06182 233474 (फै०)
E-mail :- dm-bhojpur.bih@nic.in

पत्रांक :— ............... / गो०

प्रेषक,

**जिला पदाधिकारी,**
**भोजपुर, आरा।**

सेवा में,

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**कार्य प्रमंडल, आरा एवं जगदीशपुर**

आरा दिनांक..............................

विशय :— माननीय मुख्यमंत्री, बिहार का भोजपुर जिलान्तर्गत प्रस्तावित प्रगति यात्रा के निमित आरा एवं जगदीशपुर अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सड़क का निर्माण / मरम्मति कराने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की प्रगति यात्रा भोजपुर जिला में भी प्रस्तावित है। इसी क्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कोईलवर, जगदीशपुर एवं शाहपुर के द्वारा प्रगति यात्रा कें संभावित क्षेत्रों में ग्रामीण पथों का निर्माण / मरम्मति का प्रस्ताव समर्पित किया गया है, जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है —

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | योजना / पथ का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | कोईलवर | राजापुर | आरा—छपरा बाईपास से ग्राम पंचायत राजापुर में प्रवेश करने से सभा स्थल तक ग्रामीण सड़क की मरम्मति कार्य |
| 2 | | राजापुर | सभा स्थल से पूर्व दिशा में बांध के तरफ और सभा स्थल के उतर दिशा में ग्रामीण सड़क का मरम्मति कार्य |
| 3 | जगदीशपुर | हरिगॉव | मेन रोड से हरिगॉव बाजार तक का रोड की मरम्मति |
| 4 | | तथैव | पुराना गुरूकुल स्कूल से शवदाहगृह होते हुए बी0एड0कॉलेज से बजड़ा मोड तक की मरम्मति |
| 5 | | तथैव | मेदापुर ग्राम में वार्ड नं0 10 में मुख्य पथ मरम्मति |
| 6 | | तथैव | हरिगॉव में शंकर जी के मंदिर से वार्ड नं0 7 में चमरटोली तक का रोड मरम्मति |
| 7 | | तथैव | एन0एच0 दुल्हिनगंज बाजार से नट टोली होते हुए शिवसागर रामगुलाम 10+2 विद्यालय तक |
| 8 | | ककिला | उगना पुल से लेकर उगना ग्राम तक रोड मरम्मति |
| 9 | | तथैव | ग्राम ककिला में शिव मंदिर के आगे सरोज के घर से विजय मास्टर के घर होते हुए कमला मास्टर के दलान तक रोड की मरम्मति |
| 10 | | तथैव | भड़सरा बाजार के पास किसान चौधरी के घर के सामने रोड के आर—पार नाली निर्माण |
| 11 | | तथैव | ग्राम ककिला में मुसहर टोली के पास रोड की मरम्मति एवं नाली का निर्माण |
| 12 | | तथैव | पलिया एवं दिउल के बीच में पुल की मरम्मति |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | शाहपुर | बिलौटी | बिलौटी कलस्टर से लगभग 200 मीटर दूर मुख्य सड़क पर स्थित रामलड्डू तातवा के घर से पासवान टोली होते हुए इंदिरा आवास मध्य विद्यालय से आगे काली मंदिर तक सड़क मरम्मति कार्य |

अतः निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने क्षेत्राधिकार अन्तर्गत पड़नेवाले पथों का स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार अविलम्ब निर्माण/मरम्मति कराना सुनिश्चित किया जाय तथा कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराया जाय ।

विश्वासभाजन

ह०/-

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

ज्ञापांक 2756 /गो०, आरा, दिनांक 20.12.2024

प्रतिलिपिः– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कोईलवर, जगदीशपुर एवं शाहपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर आरा एवं जगदीशपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य अंचल, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि विषयगत पथों के निर्माण/ मरम्मति हेतु अपने सतर से भी संबंधित कार्यपालक अभियंता को कृपया निदेशित किया जाय ।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

20/12/2024

जिला पदाधिकारी
भोजपुर, आरा।



Scanned with OKEN Scanner